आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक
# हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 242 | उज्जैन, मंगलवार 22 जुलाई 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# श्रावण माह के दूसरे सोमवार पालकी में भगवान श्री चन्द्रमोलेश्वर व श्री मनमहेश हाथी पर विराजित होकर अपने भक्तों का कुशल-क्षेम लेने नगर भ्रमण पर निकले

## मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा भगवान श्री महाकालेश्वर प्रत्येक सवारी में उत्साह, उमंग और आकर्षण के गौरवशाली इतिहास में जोड़ा जा रहा है नया अध्याय



उज्जैन । श्रावण के दूसरे सोमवार पर भगवान श्री महाकालेश्वर पालकी में श्री चन्द्रमोलेश्वर रूप में तथा हाथी पर श्री मनमहेश के स्वरूप में अपने भक्तों को दर्शन देने और अपनी प्रजा का कुशल-मंगल जानने नगर भ्रमण पर निकले।सवारी के निकलने के पूर्व सभामंडप में पूजन-अर्चन मुख्य पुजारी पं. घनश्याम शर्मा द्वारा संपन्न् कराया गया। सर्वप्रथम भगवान श्री महाकालेश्वर भगवान का षोडशोपचार से पूजन-अर्चन किया गया। इसके पश्चात भगवान की आरती की गई।

श्रावण माह के दूसरे सोमवार भगवान महाकाल की सवारी धूमधाम से निकाली गई। श्रावण माह की दूसरी सवारी में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी सम्मिलित हुए। उन्होंने श्री महाकालेश्वर मंदिर के सभामंडप में भगवान श्री चन्द्रमोलेश्वर का पूजन अर्चन कर प्रदेश की सुख समृद्धि और विकास की कामना की । मुख्यमंत्री डॉ यादव सवारी मार्ग पर बाबा महाकाल की आराधना और भजन-कीर्तन करते हुए नंगे पांव चले।

इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ,प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ,विधायक श्री अनिल जैन कालुहेडा ,महापौर श्री मुकेश टटवाल, श्री संजय अग्रवाल एवं अन्य गणमान्य नागरिक आदि भगवान श्री महाकालेश्वर का पूजन -अर्चन किया और आरती में सम्मिलित हुए।

### *मार्ग में श्रद्धालुओं ने जय श्री महाकाल के घोष के साथ पुष्प वर्षा की*

भगवान श्री चन्द्रमोलेश्वर पालकी में सवार होकर अपनी प्रजा का हाल जानने और भक्तों को दर्शन देने के लिए नगर भ्रमण पर निकले। पालकी जैसे ही श्री महाकालेश्वर मंदिर के मुख्य् द्वार पर पहुंची सशस्त्र पुलिस बल के जवानों द्वारा पालकी में सवार श्री चन्द्रमोलेश्वर को सलामी (गार्ड ऑफ ऑनर) दी गई। सवारी मार्ग में स्थान-स्थान पर खडे श्रद्धालुओं ने जय श्री महाकाल के घोष के साथ अवन्तिका नगरी के राजाधिराज पालकी में विराजित भगवान श्री चन्द्रमोलेश्वर व हाथी पर आरूढ़ भगवान श्री मनमहेश पर पुष्पवर्षा की।

### *सवारी में पुलिस बैंड की प्रस्तुति*

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की विशेष पहल पर 300 पुलिस के जवानों द्वारा पुलिस बैंड द्वारा नमःशिवाय ? नमः शिवाय, हर हर शंभू देवा महादेवा, देवा हो देवा गणपति देवा, ? जय शिव ओमकारा ,सत्यम शिवम सुन्दरम, ए मालिक तेरे बंदे हम..... आदि शिवभजनों की सुमधुर धुनों की प्रस्तुतियां पर श्रद्धालु झूमें। सवारी मार्ग के अतिरिक्त पुलिस के जवानों द्वारा पुलिस बैंड द्वारा की प्रस्तुति श्री महाकालेश्वर मंदिर के मुख्य द्वार, क्षिप्रा तट रामघाट पर व गोपाल मंदिर पर बैंड की प्रस्तुतिया दी गई।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने राम घाट पर क्षिप्रा नदी के जल से भगवान श्री महाकालेश्वर का पूजन अर्चन किया

वैदिक मंत्रोच्चार और शंखनाद के बीच रामघाट पर हुआ भगवान का पूजन अर्चन मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सोमवार को भगवान श्री महाकालेश्वर की दूसरी सवारी के दौरान क्षिप्रा नदी के तट पर भगवान श्री महाकालेश्वर के चंद्रमोलेश्वर स्वरुप में पालकी पहुंचने के बाद क्षिप्रा नदी के जल से उनका पूजन अर्चन किया । भगवान श्री महाकालेश्वर की पालकी के रामघाट पहुंचने पर शंख-नाद किया गया । इसके पश्चात विधिवत भगवान श्री महाकालेश्वर का पूजन अर्चन संपन्न हुवा और भगवान श्री महाकालेश्वर की आरती की गई । आरती के पश्चात भगवान श्री चंद्रमोलेश्वर स्वरुप में भक्तों का हाल जानने के लिए नगर भ्रमण पर निकले । इस दौरान भक्तजन बड़ी संख्या में सवारी में सम्मिलित हुए ।

बाबा महाकाल की एक झलक के लिए असंख्य श्रद्धालु हुए आतुर

श्रावण के दूसरे सोमवार पर भगवान की सवारी के दौरान उज्जैन नगरी शिवमय हो गई। श्री महाकालेश्वर भगवान की सवारी में हजारों भक्त के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव झांझ, मंजीरे, डमरू, ढोल आदि वाद्य बजाते हुए महाकाल की आराधना करते हुए पालकी के साथ चल रहे थे।

उज्जैंन के बाहर से आये हुए भक्तगण बाबा महाकाल की एक झलक पाने के लिए उत्सुक थे। श्री महाकालेश्वर भगवान की सवारी महाकाल मंदिर से गुदरी चौराहा, बक्षी बाजार, कहारवाडी होते हुए रामघाट पहुंची रामघाट पर श्री चन्द्रमोलेश्वर व श्री मनमहेश का माँ क्षिप्रा के जल से अभिषेक पूजन किया गया। रामघाट पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी पूजन में सम्मिलित हुए 7 पूजन -अर्चन के बाद भगवान महाकाल की सवारी रामघाट से रामानुज कोट, मोढ की धर्मशाला, कार्तिकचौक, खाती का मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, ढाबा रोड, टंकी चौराहा, छत्री चौक होते हुए गोपाल मंदिर पहुंची।

जहाँ परंपरानुसार सिंधिया स्टेट की ओर से गोपाल मंदिर के पुजारी व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आदि द्वारा पालकी में विराजित श्री चन्द्रमोलेश्वर का पूजन किया गया। इसके पश्चात सवारी गोपाल मंदिर से पटनी बाजार, गुदरी चौराहा होते हुए श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंची। जहाँ पुनः आरती उपरांत सवारी का विश्राम हुआ।

भारत के विभिन्न 08 जनजातीय कलाकारों के दी मनमोहक प्रस्तुतियां सवारी के आगमन पर माँ क्षिप्रा के तट दत्त अखाडा क्षेत्र में वैदिक उद्घोष व विद्यालीय घोष पर प्रस्तुति दी गई मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की मंशानुरूप बाबा श्री महाकालेश्वर की सवारी को भव्य स्वरुप देने के लिए 08 जनजातीय कलाकारों के दल श्री महाकालेश्वर भगवान की दूसरी सवारी में सहभागिता की 7 बाबा श्री महाकालेश्वर की सवारी में जनजातीय दलों ने पारंपरिक वाद्ययंत्रों पर अपने नृत्य से आकर्षक प्रस्तुति देकर कला संस्कृति की अनुपम छठा बिखेरी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशानुरूप बाबा महाकाल की सवारी में विभिन्न जनजातीय कलाकार अपनी प्रस्तुति दे सवारी को शोभायमान कर रहें थे।

जिसमे श्री छवीलदास भावली के नेतृत्व में नाशिक महाराष्ट्र के जनजातीय सौंगी मुखोटा नृत्य एवं श्री अजय कुमार के नेतृत्व में हरियाणा का लोकनृत्य हरियाणवी घुमर के दल ने श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर व शहनाई द्वार के पास अपने साथियों के साथ प्रस्तुति दी।

इसी प्रकार श्री खेमराज के नेतृत्व में राजस्थान का गैर-घूमरा जनजातीय नृत्य व मध्यप्रदेश छतरपुर के बरेदी लोकनृत्य दल श्री रवि अहिरवार के नेतृत्व में कोट मोहल्ला चौराहा पर प्रस्तुति दी 7 साथ ही श्री अज्जू सिसोदिया के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में झाबुआ का भगोरिया नृत्य एवं श्री बनसिंह भाई के नेतृत्व में गुजरात जनजातीय राठ नृत्य दल ने रामानुजकोट पर अपनी संस्कृति व कला का प्रदर्शन अपने लोकनृत्य के माध्यम से किया।

माँ क्षिप्रा के तट रामघाट पर उडीसा के लोकनृत्य शंख ध्वनि श्री सुनील कुमार साहू के नेतृत्व में व छत्तीसगढ़ के लोकनृत्य लोकपंथी का दल श्री दिनेश कुमार जागड़े के नेतृत्व में श्री महाकालेश्वर भगवान के सवारी के आगमन पर प्रस्तुति दी।

सभी जनजातीय दल संस्कृति विभाग भोपाल, जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद व त्रिवेणी कला एवं पुरातत्वव संग्रहालय के माध्यम से भगवान श्री महाकालेश्वर जी की दूसरी सवारी सहभागिता की।

साथ ही उसी दौरान क्षिप्रा तट के दूसरी ओर दत्तअखाड़ा क्षेत्र पर श्री महाकालेश्वर भगवान के सवारी के रामघाट आगमन पर 200 वैदिक बटुको द्वारा वैदिक मंत्रो के उद्घोष के भगवान को मन्त्रपुष्पांजलि अर्पित की गई।

दत्त अखाड़ा से शा.उत्कृष्ट उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय माधव नगर उज्जैन के अतिरिक्त शा.सान्दीपनी उत्कृष्ट विद्यालय बडनगर, विद्याजलि विद्यालय बडनगर, सरस्वती उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बडनगर व इम्पीरियल विद्यालय खाचरोद विद्यालयो के कुल 98 विद्यार्थियों द्वारा घोष (बैंड) की प्रस्तुति दी गई साथ ही भगवान श्री महाकालेश्वर का सम्मान किया गया।

### *चलित रथ में लगी एलईडी से श्रद्धालुओं ने किए दर्शन*

बाबा महाकाल की सवारी के दर्शन के लिए सवारी के आगे और पीछे दो एलईडी लगे 2 रथ चलें , जिस पर सवारी के लाइव प्रसारण के माध्यम से श्रद्धालुओं ने सुगमता पूर्वक दर्शन किए। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा सवारी के अतिरिक्त प्रतिदिन लाइव रथ पर श्री महाकालेश्वर भगवान के गर्भगृह दर्शन का लाइव प्रसारण किया जा रहा है 7 लाइव दर्शन एवं लाइव टेलीकास्ट हेतु हाईटेक चार बड़ी एलईडी वाहनों लाईव एलईडी रथ के माध्यम से फ्रीगंज क्षेत्र, दत्त अखाड़ा क्षेत्र ,श्री महाकालेश्वर त्रिवेणी द्वार व उज्जैन के प्रमुख मार्गो पर भक्त लाइव प्रसारण देख सकते है 7 जो श्रद्धालु व उज्जैनवासी सवारी में नही सम्मिलित हो सकते वह चलित रथ पर सवारी के लाइव दर्शन का आनन्द ले सकते है 7 साथ ही मंदिर प्रबंध समिति द्वारा आयोजित अखिल भारतीय श्रावण महोत्सव 2025 श्री महाकालेश्वर सांस्कृतिक संध्या 2025 का प्रसारण भी लाइव रथ पर किया जा रहा है।

# भारी बारिश से मायानगरी में हाहाकार




नई दिल्ली (एजेंसी)। मुंबई भारी बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कुछ इलाकों में पानी भरने से कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया है। खासकर निचले इलाकों में भयंकर जलभराव देखने को मिल रहा है। मुंबई के सबसे व्यस्त सबवे में से एक अंधेरी का रास्ता पानी भरने की वजह से पूरी तरह बंद हो गया।

अंधेरी में सड़कें तालाब बन चुकी हैं। भारी जलभराव के बावजूद लोग उसी रास्ते से जाने को मजबूर हैं। बेशक मुंबई में बारिश ने हालात खराब हैं, लेकिन मुंबई वासियों को अभी बरसात से राहत मिलने के कोई आसार नहीं हैं।

मौसम विभाग ने मुंबई में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान मुंबई और रायगढ़ के कई इलाकों में भारी बरसात होने की संभावना है। वहीं, मुंबई के ठाणे और पालघर समेत कुछ इलाकों में तेज बारिश का येलो अलर्ट भी जारी हुआ है। IMD के अनुसार, अगले 24 घंटे में मुंबई और कोंकण में बारिश का कहर जारी रहेगा।

समुद्र से दूर रहने की चेतावनी- IMD ने एडवाइजरी जारी करते हुए मुंबई समेत आसपास के लोगों को समुद्र से दूर रहने की चेतावनी दी है। खराब मौसम और तेज हवाओं के कारण समुद्र की लहरे भी उफान पर हैं। मुंबई के पास मौजूद तटीय इलाकों में ज्वार के हालात बन गए हैं। समुद्र की लहरें 3.88 मीटर तक पहुंच गई हैं।

इंडिगो ने जारी की एडवाइजरी- मुंबई में खराब मौसम के मद्देनजर इंडिगो और स्पाइसजेट जैसी एअरलाइंस ने भी एडवाइजरी जारी की है।

# 2006 मुंबई ट्रेन ब्लास्ट केस के सभी 12 आरोपी बरी, हाईकोर्ट ने सबूतों के अभाव में रद की फांसी की सजा



नई दिल्ली (एजेंसी)। 11 जुलाई 2006 को मुंबई की लोकल ट्रेनों में हुए सात धमाकों ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। करीब 19 साल बाद, बॉम्बे हाई कोर्ट ने इस मामले में एक बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने 12 लोगों को बेगुनाह करार देते हुए बरी कर दिया। इनमें से पांच को विशेष अदालत ने मौत की सजा और बाकियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। कोर्ट का कहना है कि अभियोजन पक्ष इस मामले को साबित करने में पूरी तरह नाकाम रहा है।

यह फैसला उस दर्दनाक हादसे के करीब दो दशक बाद आया, जब मुंबई की लोकल ट्रेनों में हुए सिलसिलेवार धमाकों ने सैकड़ों जिंदगियों को तबाह कर दिया था।

जस्टिस अनिल किलोर और जस्टिस श्याम चांदक की विशेष बेंच ने कहा कि अभियोजन पक्ष मामले को साबित करने में पूरी तरह नाकाम रहा। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि सबूतों और गवाहों के बयानों में कई खामियां थीं, जो इस केस को कमजोर करती थीं।

# 16 छात्र और दो टीचर समेत 19 की मौत, बांग्लादेश F7 Aircraft क्रैश में 100 से ज्यादा घायल



नई दिल्ली (एजेंसी)। बांग्लादेश की राजधानी ढाका में सोमवार को एक बड़ा विमान हादसा हो गया। राजधानी ढाका में बांग्लादेश वायुसेना का एक ट्रेनिंग जेट F-7 BJI उत्तरा इलाके के माइलस्टोन स्कूल और कॉलेज के कैंपस में जा टकराया।

इस विमान हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में चीख-पुकार मच गई। विमान हादसे में अभी तक 19 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, बच्चों समेत 100 से अधिक लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की खबर है। मृतकों में कई शिक्षक और छात्र शामिल हैं।

कहां हुई घटना- समाचार एजेंसी रॉयटर्स के अनुसार, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी के एक डॉक्टर ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि बच्चों और वयस्कों सहित 50 से ज्यादा लोग झुलसने के कारण अस्पताल में भर्ती हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना ढाका के उत्तरी इलाके उत्तरा में माइलस्टोन स्कूल एंड कॉलेज में हुई।

बांग्लादेशी सेना ने जारी किया बयान- इस हादसे ने लोगों को हिलाकर कर रख दिया है। इस बीच बांग्लादेश की सेना के जनसंपर्क विभाग ने एक बयान में बताया कि बांग्लादेश वायु सेना का F-7 BJI प्रशिक्षण विमान उत्तरा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान ने 13:06 (0706 GMT) पर उड़ान भरी थी।

आसमान में दिखा धुंए का गुबार- बांग्लादेश वायुसेना का एक ट्रेनिंग जेट F-7 BJI स्कूल की इमारत से टकरा कर क्रैश हो गया। विमान के क्रैश होने के बाद आसमान में धुंए का गुबार देखने को मिला। इसको दूर से ही देखा जा सकता था।

हादसे के तुरंत बाद राहत और बचाव का कार्य शुरू कर दिया गया। दमकल कर्मियों द्वारा विमान विमान के क्षतिग्रस्त अवशेषों पर पानी का छिड़काव किया गया। घायलों को अस्पताल ले जाया जा रहा है।

मोहम्मद यूनुस ने जताया दुख- राजधानी ढाका में सोमवार को हुए इस विमान हादसे पर अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, मोहम्मद यूनुस ने इस घटना को बांग्लादेश वायु सेना और अन्य प्रभावित लोगों के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने एक पोस्ट पर लिखा, ÷मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं और अस्पतालों सहित सभी संबंधित अधिकारियों को स्थिति को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ संबोधित करने का निर्देश देता हूं। सरकार दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए आवश्यक कदम उठाएगी और सभी प्रकार की सहायता सुनिश्चित करेगी।

# ग्लैमरस लाइफस्टाइल, चैरिटी प्रोग्राम और... अमेरिका में भारतीय दंपति ने लोगों को धोखा देकर लूट लिए करोड़ों रुपये

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के उत्तरी टेक्सस में एक हाई-प्रोफाइल भारतीय दंपति को करोड़ों रुपये के घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। सिद्धार्थ मुखर्जी और उनकी पत्नी सुनीता पर कथित तौर पर 100 से ज्यादा लोगों को रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स में निवेश का वादा करके कम से कम 40 लाख डॉलर (करीब 33 करोड़ रुपये) देने के लिए राजी कर लिया।



मुखर्जी दंपति की स्कीम में कई लोगों ने निवेश किया और वो आर्थिक तंगी से गुजरने लगे। अभियोजनों का कहना है कि इस कपल ने लोगों के भरोसे को जीतने के लिए ग्लैमरस लाइफ जी, चैरिटी प्रोग्राम कराए और खुद को एक सक्सेफुल बिजनेसमैन दिखाया। हालांकि ये सब इन लोगों को सिर्फ एक ठोंग था।

नहीं था धोखे का अंदाजा- पीड़ितों का दावा है कि उन्हें हाई रिटर्न का लालच दिया गया और रियल एस्टेट की डील में निवेश करने के लिए कहा गया। जब चेक बाउंस होने लगे तो संदेह पैदा हुआ। एक पीड़ित शेषु मदभुशी ने अफसोस जताया कि उन्हें सवाल करते वक्त और भी सतर्कता रखनी चाहिए थी लेकिन उन्हें कभी भी धोखे का अंदाजा नहीं हुआ। धोखाधड़ी के एक अन्य शिकार टेरी परवागा ने कहा, वे आपको विश्वास दिलाएंगे कि वे बहुत सफल व्यवसायी हैं। लेकिन वे आपकी एक-एक पाई ले लेंगे।

मामला ऐसे हुआ उजागर- शुरुआत में, कई पुलिस विभागों ने शिकायतों को नागरिक विवाद बताकर खारिज कर दिया।

## अचानक बिगड़ी नेतन्याहू की तबीयत, अब पीएम ऑफिस नहीं घर से संभालेंगे कामकाज



नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। नेतन्याहू के ऑफिस से जानकारी दी गई कि उन्हें फूड पॉइजनिंग हो गई है।

बताया जा रहा है कि रात के वक्त अचानक उनकी तबीयत खराब होने लगी, जिसके बाद डॉक्टरों ने उनकी आंतों और शरीर में पानी की कमी बताई। फिलहाल उनका इलाज चल रहा है और उन्हें फ्लूइड्स दिए जा रहे हैं।

डॉक्टरों ने दी सलाह- डॉक्टरों की सलाह के बाद अब वे अपने घर पर ही आराम करेंगे और वहीं से सरकारी कामकाज संभालेंगे। इस बीच, उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद उनके ऊपर लगे भ्रष्टाचार से जुड़े मुकदमे की सुनवाई भी टल गई है।

इस मामले पर अब अगली सुनवाई सितंबर से पहले नहीं होगी, क्योंकि इजरायल में गर्मी की छुट्टियों के कारण अदालतें बंद हैं। यह केस साल 2020 में शुरू हुआ था और अब तक कई बार इसकी सुनवाई टल चुकी है। इससे पहले नेतन्याहू ने गाजा युद्ध और फिर लेबनान में संघर्ष का हवाला देकर सुनवाई टलवाई थी। इस केस में नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा पर 260,000 डॉलर के महंगे तोहफे लेने का आरोप है।

## क्या बराक ओबामा को किया गया गिरफ्तार? ट्रंप ने वीडियो पोस्ट कर कहा- कानून से ऊपर कोई नहीं




नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा पर हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें दिखाया गया है कि FBI एजेंट ओबामा को गिरफ्तार कर रहे हैं।

हालांकि, यह वीडियो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से तैयार किया गया है। वीडियो की शुरुआत में ओबामा को यह कहते हुए दिखाया गया है, राष्ट्रपति कानून से ऊपर नहीं है। इसके बाद कई अमेरिकी नेताओं के बयान दिखते हैं जो बोल रहे हैं- कानून से ऊपर कोई नहीं है।

कैदी की वर्दी में दिखे ओबामा- वीडियो में दिखाया गया है कि दो एजेंट ओबामा को हथकड़ी पहना रहे हैं और ट्रंप वहीं पास में बैठे मुस्कुराते नजर आ रहे हैं। वीडियो के अंत में ओबामा को जेल में कैदी की वर्दी में दिखाया गया है। इस वीडियो के साथ ट्रंप ने साफ नहीं किया है कि यह वीडियो फर्जी है।

ट्रंप द्वारा बिना किसी स्पष्टिकरण के यह वीडियो पोस्ट करना कई लोगों को गंभीर रूप से गैर-जिम्मेदाराना लगा।

## सड़क से उछलकर घर की छत पर गिरी कार, बगीचे में खेल रहे बच्चे को मारी जोरदार टक्कर; जर्मनी में हुआ खतरनाक हादसा



नई दिल्ली (एजेंसी)। जर्मनी के बोमटे नामक क्षेत्र में एक चौंकाने वाला हादसा हुआ है। एक कार अनियंत्रित होकर पहले एक गाड़ी से टकराई भी फिर झाड़ियों के बीच से एक बगीचे में जा घुसी। इस दौरान ट्रेम्पोलीन पर खेल रहे एक बच्चे को भी कार ने टक्कर मार दी।

पुलिस के मुताबिक, टक्कर के बाद कार हवा में उछलते हुए पास की खलिहान की छत पर जा गिरी। यह छत जमीन से करीब 3 मीटर (10 फीट) की ऊंचाई पर थी।

पुलिस ने बताया कि हादसे के समय कार में 42 साल का एक पुरुष था। उसके साथ उसकी पत्नी और तीन बच्चे भी कार में सवार थे। बताया जा रहा है कि महिला को गंभीर चोटें आई हैं।

कार सवार बच्चों को भी आई चोट- कार में सवार तीनों बच्चों को मामूली चोट आई है। ड्राइवर को भी हल्की चोट लगी है। ट्रेम्पोलीन पर खेल रहा बच्चा सबसे ज्यादा गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हादसे की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर आपात सेवाएं भेजी गईं। दर्जनों फायरफाइटर, करीब एक दर्जन एंबुलेंस और दो रेस्क्यू हेलीकॉप्टर ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया।

छत काटकर निकाली गई कार- छत पर फंसी कार को निकालने के लिए क्रेन का सहारा लिया गया। बचावकर्मी छत काटकर कार तक पहुंचे और कार को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। इसके साथ ही बगीचे में झूले और खेल की बाकी चीजें पूरी तरह बर्बाद हो गईं।

## पेट पर मारी लात, सिर पर किया प्लेट से वार... UAE के फ्लैट में मिली भारतीय महिला की लाश, पति पर लगा हत्या का आरोप

नई दिल्ली (एजेंसी)। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अपार्टमेंट में एक भारतीय महिला का शव बरामद हुआ है। ये महिला केरल के कोल्लम की रहने वाली थी और इसकी उम्र 29 साल थी। परिवार ने आरोप लगाया है कि दहेज के लिए पति ने महिला को परेशान किया था।



अतुल्य शेखर की शादी 2014 में कोल्लम के रहने वाले सतीश से हुई थी और शारजाह शिफ्ट हो गई थी। उसकी मां ने आरोप लगाया है कि सतीश ने 18 और 19 जुलाई के बीच उसका गला दबाया, उसके पेट पर लात मारी और उसके सिर पर प्लेट से वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। शादी के बाद से ही उसे दहेज के लिए परेशान किया जा रहा था।


दहेज में दिए थे सोने के गहने और बाइक- महिला के परिवार का कहना है कि उन्होंने सतीश को 40 से ज्यादा सोने के गहने और एक बाइक दहेज में दी थी। फिलहाल पुलिस ने सतीश के खिलाफ मर्डर का केस दर्ज किया है।

लगातार बढ़ रहे दहेज हत्या के मामले- इस महीने की शुरुआत में, केरल की ही एक 32 साल की महिला अपने बच्चे के साथ शारजाह में मृत पाई गई थी, जिसके बाद पुलिस ने उसके पति और ससुराल वालों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। कोल्लम जिले की रहने वाली विपंचिका मनियान ने 8 जुलाई को अपने अपार्टमेंट में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। उनकी एक साल बेटी भी मृत पाई गई थी।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, घर में मलयालम में एक नोट मिला था। माना जा रहा है कि मरने से पहले इसे महिला ने ही लिखा था।

## धूप सेंकना पड़ गया भारी, कोमा में चली गई थी महिला; आप भी न अपनाएं ये नुस्खा वरना पड़ जाएंगे लेने के देने

नई दिल्ली (एजेंसी)। चीन के झेजियांग प्रांत में एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है, जहां धूप सेंकने की वजह से एक महिला मौत के मुंह तक पहुंच गई।



वांग नाम की इस महिला ने पारंपरिक चीनी चिकित्सा का एक नुस्खे अपनाया। माना जाता है कि इस नुस्खे से धूप में पीठ सेंकने से यांग ऊर्जा बढ़ती है, नमी दूर होती है और बीमारियां ठीक हो जाती हैं। मगर दो घंटे तक तेज धूप में बैठने की वजह से उनकी हालत इतनी बिगड़ गई कि वे कोमा में चली गईं।

वांग ने दोपहर के तपते सूरज में अपने घर के बाहर दो घंटे तक धूप सेंकी। लेकिन जैसे ही वे अपने कमरे में लौटीं, अचानक बेहोश होकर गिर पड़ीं। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि उन्हें मस्तिष्क में रक्तस्राव (एनीरिज्मल सेरेब्रल हैमरेज) और जानलेवा ब्रेन हर्निया हो गया था।

कोमा में चली गई वांग- डॉक्टरों ने तुरंत आपातकालीन सर्जरी की, मगर वांग कोमा में चली गईं। कई हफ्तों की मेहनत, एक्यूपंक्चर और कई सर्जरियों के बाद आखिरकार वांग की हालत में सुधार हुआ। वे धीरे-धीरे बैठने, खड़े होने, बोलने और खुद खाना खाने में सक्षम हो पाईं। यह उनका दूसरा जन्म था, मगर यह सबक भी कि हर नुस्खे पर आंख मूंदकर भरोसा नहीं करना चाहिए।

# जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रक्रिया शुरू, 145 सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



नई दिल्ली (एजेंसी)। इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया सोमवार दोपहर से शुरू हो गई। जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर जले हुए 500 रुपये के नोटों के ढेर मिले थे, जिसके बाद भारी बवाल देखने को मिला था।

दरअसल, सोमवार को सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों के 145 सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को एक ज्ञापन सौंपा। एनडीटीवी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि कांग्रेस और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) जैसे विपक्षी दलों के सांसदों ने ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है।

बीजेपी के सांसदों ने भी किए हस्ताक्षर

जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ लाए जाने वाले महाभियोग प्रस्ताव के ज्ञापन पर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगी दलों, जैसे तेलुगु देशम पार्टी, जनता दल यूनाइटेड और जनता दल सेक्युलर, के सांसदों ने भी ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अब तक हस्ताक्षर करने वालों में भाजपा से पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, कांग्रेस के राहुल गांधी और शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सुप्रिया सुले शामिल हैं।

पहली बार किसी न्यायाधीश के खिलाफ लाया जा रहा महाभियोग- जानकारी दें कि स्वतंत्र भारत में पहली बार किसी कार्यरत उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के महाभियोग की अब संसद द्वारा संविधान के अनुच्छेद 124, 217 और 218 के तहत जांच की जाएगी।

## तमिलनाडु के सीएम स्टालिन अस्पताल में भर्ती, मॉर्निंग वॉक के दौरान अचानक बिगड़ी सेहत



नई दिल्ली (एजेंसी)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन की तबीयत अचानक खराब हो गई। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया। उनके कुछ टेस्ट हुए हैं, जिनकी रिपोर्ट आने का इंतजार है। डॉक्टर ने सीएम हेल्थ अपडेट साझा किया है। यह घटना आज सुबह की बताई जा रही है। सीएम स्टालिन रोज की तरह मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। तभी अचानक से उन्हें चक्कर आ गए। सीएम को फौरन चेन्नई स्थित अपोलो अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

रिपोर्ट्स का इंतजार- अपोलो अस्पताल में मेडिकल सर्विस के डायरेक्टर डॉक्टर अनिल बीजी के अनुसार, सीएम स्टालिन के जरूरी डायगनॉस्टिक टेस्ट किए जा रहे हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

तमिलनाडु में सियासी उठा-पटक जारी- बता दें कि तमिलनाडु में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसे लेकर राज्य में सियासी हलचल तेज होने लगी है। AIADMK के पूर्व मंत्री और सांसद अनवर राजा ने सोमवार को सीएम स्टालिन की मौजूदगी में DMK का हाथ थामा है।

## मुंबई में बड़ा हादसा टला, लैंडिंग के दौरान रनवे पर फिसल गया एअर इंडिया का विमान; तीनों टायर फटे



नई दिल्ली (एजेंसी)। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार सुबह भारी बारिश के बीच एक बड़ा हादसा होते-होते बचा।

एअर इंडिया का एक A320 विमान लैंडिंग के दौरान रनवे से फिसल गया। तीनों टायर भी फट गए। यह विमान मेन रनवे 27 से करीब 16-17 मीटर दूर जाकर कीचड़ भरी जगह में चला गया और फिर टैक्सीवे पर रुक गया।

टल गया बड़ा हादसा- खुशकिस्मती से इस हादसे में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। विमान को मामूली क्षति पहुंची, लेकिन यह पूरी तरह ठीक था और अपने आप टैक्सी पार्किंग बे तक पहुंच गया।

सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि, यह घटना सुबह 9:27 बजे एअर इंडिया की उड़ान AI-2744 (विमान नंबर VT-TYA) के साथ हुई, जो रनवे पर उतरने के बाद धीमा होने के दौरान नियंत्रण खो बैठा है।

किसी के हताहत होने की खबर नहीं- यात्रियों या चालक दल के किसी सदस्य के हताहत होने की खबर नहीं है। इस घटना के बावजूद, विमान सुरक्षित रूप से गेट तक पहुंचने में कामयाब रहा और सभी यात्री और चालक दल बिना किसी नुकसान के उतर गए।

## चीन के डैम से हमें घबराने की कोई जरूरत नहीं, लेकिन..., ब्रह्मपुत्र नदी पर बन रहे सबसे बड़े बांध को लेकर बोले सीएम हेमंत सरमा



नई दिल्ली (एजेंसी)। चीन ने तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी में दुनिया के सबसे बड़े बांध का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। यह दुनिया का सबसे बड़ा हाइड्रोपावर बांध होगा। चीन इस डैम को बनाने के लिए 167.8 बिलियन डॉलर खर्च करेगा।

इस बीच असम के सीएम हेमंत बिस्वा सरमा ने चीन की इस परियोजना को लेकर एक अहम टिप्पणी की है। सीएम सरमा ने गुवाहाटी में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि चीन द्वारा ब्रह्मपुत्र पर बनाए जा रहे विशाल बांध - 167.8 बिलियन डॉलर की परियोजना - के दो वैज्ञानिक पहलू हैं, जिनमें से एक यह है कि इससे पूर्वोत्तर राज्य को हर साल प्रभावित करने वाली बाढ़ की मात्रा को कम करने में मदद मिल सकती है।

जानिए क्या बोले असम के सीएम हेमंत बिस्वा सरमा- कार्यक्रम को संबोधित करते हुए असम के सीएम हेमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि उन्हें असम के लोगों के लिए चिंता का कोई तत्काल कारण नहीं दिखता, क्योंकि नदी को मुख्य रूप से भूटान और अरुणाचल प्रदेश की सहायक नदियों से पानी मिलता है।

आगे उन्होंने कहा कि बांध का प्रभाव उसके बनने के बाद ही पता चलेगा और उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार इस मामले में अपने चीनी समकक्ष के संपर्क में है।

इन दो पहलुओं के बारे में की सीएम ने बात- कार्यक्रम को संबोधित करते हुए असम के सीएम हेमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि मुझे तुरंत चिंता नहीं है क्योंकि ब्रह्मपुत्र एक विशाल नदी है और यह पानी के किसी एक स्रोत पर निर्भर नहीं है। ब्रह्मपुत्र को अपना ज्यादातर पानी भूटान और अरुणाचल प्रदेश से मिलता है, और बारिश का पानी व अन्य प्रकार का पानी हमारे राज्य से ही आता है।

# केरल के पूर्व मुख्यमंत्री वीएस अच्युतानंदन का निधन, लंबे समय से थे बीमार



नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ मार्क्सवादी नेता अच्युतानंदन का निधन हो गया है। वह 101 के साल के थे। बता दें कि वेलिक्काकाथु शंकरन अच्युतानंदन को आम लोगों द्वारा प्यार से वीएस के नाम से जाना जाता था।

केरल के पूर्व सीएम वीएस अच्युतानंदन ने 21 जुलाई को तिरुवनंतपुरम के एसयूटी अस्पताल में दोपहर 3.20 बजे अंतिम सांस ली।


लंबे समय से चल रहे थे बीमार- बताया जा रहा है कि केरल के पूर्व मुख्यमंत्री वीएस को सोमवार को दिल का दौरा पड़ने और सांस लेने दिक्कत की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां पर वे आईसीयू में थे। साल 2019 में स्ट्रोक आने के बाद से वह बिस्तर पर थे।

जानकारी दें कि पूर्व मुख्यमंत्री वी.एस. अच्युतानंदन बीते कुछ सालों से सार्वजनिक जीवन से दूरी बना कर के थे। वह साल 2006 से 2011 तक केरल के सीएम रहे। बताया जाता है कि वह अपने बेटे के घर में रह रहे थे। पिछले काफी समय से वह विभिन्न प्रकार की बीमारियों से पीड़ित थे।

घर पर ही व्यतीत कर रहे थे अधिकांश वक्त- उम्र संबंधी बीमारी के कारण वह अधिकांश समय अपने घर पर ही व्यतीत कर रहे थे। बता दें कि पूर्व सीएम के निजी सचिव एजी शशिधरन नायर ने बताया कि वीएस एक ऐसे नेता थे तो कभी किसी ने नहीं डरते नहीं थे। वह जब भी किसी मुद्दे को उठाते थे, तो पार्टी लाइन पर काम करते थे।

शशि थरूर ने जताया दुख- केरल के पूर्व सीएम वी.एस. अच्युतानंदन के निधन पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने दुख व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि अच्युतानंदन का जीवन साधारण पृष्ठभूमि से उठकर जननेता बनने की प्रेरणादायक यात्रा रही।

# बेंगलुरु से बेहतर तो गुरुग्राम ही है, ट्रैफिक जाम के वायरल वीडियो के बाद क्यों छिड़ी बहस?



नई दिल्ली (एजेंसी)। 4 लेन की सड़क और कई किलोमीटर तक गाड़ियों की लंबी कतार...आमतौर पर यह नजारा भारत की सिलिकॉन वैली कहे जाने वाले बेंगलुरु में देखने को मिलता है। बारिश के दिनों में मुंबई के ट्रैफिक का भी कोई जवाब नहीं है। हालांकि, अब सोशल मीडिया पर गुरुग्राम का एक हैरान करने वाला वीडियो सामने आया है।

इस वीडियो को देखने के बाद गुरुग्राम की तुलना बेंगलुरु, मुंबई और हैदराबाद जैसे शहरों से होने लगी है। वीडियो के बैकग्राउंड में आतिफ असलम का गाना अब तो आदत सी है सुनाई दे रहा है।

गुरुग्राम सेक्टर 24 का वीडियो- सोशल मीडिया पर वायरल होने वाला यह वीडियो गुरुग्राम के सेक्टर 24 का है। इस वीडियो में 4-4 लेन की सड़कों पर भयंकर ट्रैफिक जाम देखने को मिल रहा है। दूर-दूर तक गाड़ियों की लंबी कतार लगी है, जो कछुए से भी धीमी गति पर रेंगती दिखाई दे रही है।

इंटरनेट पर वीडियो वायरल- सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते हुए एक शख्स ने लिखा दिल्ली एनसीआर वालों को अब ऐसे जीने की आदत हो गई है। वीडियो के कैप्शन में लिखा है- अब फर्क नहीं पड़ता। इस वीडियो पर कई सोशल मीडिया यूजर्स भी रिएक्शन देते दिखाई दे रहे हैं।

यूजर्स ने दिए रिएक्शन- वीडियो में कमेंट्स की बाढ़ आ गई है। एक यूजर ने लिखा, कोई बेंगलुरु का नाम ले रहा है क्या? दूसरे यूजर ने लिखा, गुरुग्राम बेंगलुरु को कड़ी टक्कर दे रहा है। तीसरे यूजर ने कमेंट किया, भारत में कोई प्लानिंग नहीं है, यही उम्मीद थी। इस हालात के लिए कई लोग सरकार को भी खरी-खोटी सुना रहे हैं।

दैनिक हिन्दकुश
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
hindkush.in
24x7 News portal
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।

विक्रम संवत 2079 कृष्ण द्वादशी


मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य



## संपादकीय

# सृष्टि में विचिरित 84 लाख़ योनियों में हालांकि सृष्टि रचयिता ने मस्तिष्क सभी को दिया है...



सृष्टि में विचिरित 84 लाख़ योनियों में हालांकि सृष्टि रचयिता ने मस्तिष्क सभी को दिया है परंतु मानवीय योनि में जो मस्तिष्क की रचना की है वह अद्भुत कलाकृति ही नहीं उसके परिणामों में से एक, मस्तिष्क के दम पर ही मानव की चांद तक पहुंच सूर्य, चंद्रमा, पृथ्वी सहित अनेक कुदरती रचनाओं को आर्टिफिशियल तक बनाकर उनकी बराबरी करने की कोशिश की जा रही है बस!अब मानव शरीर में ऐसा क्या आता है और क्या निकल जाता है कि मानवीय जीव जीवन मृत्यु के घेरे में आ जाता है इसपर रिसर्च चल रहा है जिसमें मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं, कि मानवीय जीव कभी सफ़ल नहीं होंगे आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि 22 जुलाई 2025 को विश्व मस्तिष्क दिवस मनाया जा रहा है

विश्व मस्तिष्क दिवस मस्तिष्क स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने और जीवन भर अपने मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के तरीकों को साझा करने के लिए समर्पित एक वैश्विक आंदोलन है। यह याद रखना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है कि मस्तिष्क स्वास्थ्य केवल वृद्धों की ही चिंता का विषय नहीं है, बल्कि यह हर उम्र के सभी लोगों के लिए महत्वपूर्ण है। मस्तिष्क स्वास्थ्य एक आजीवन यात्रा है जो जन्म से शुरू होती है और जीवन के हर चरण में जारी रहती है। खास करके भारत के लिए जहां 65त्न से अधिक युवा युवा रहते हैं वह हमारे सामने विजन 2047 है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम मस्तिष्क स्वास्थ्य को समझने की करें तो,मस्तिष्क स्वास्थ्य का अर्थ है हमारे मस्तिष्क को सकारात्मक, लचीला और सक्रिय बनाए रखना। यह हमारे सोचने, सीखने, याद रखने और तनाव से निपटने के तरीके को प्रभावित करता है। स्वस्थ मस्तिष्क का होना समग्र स्वास्थ्य, सफल रिश्तों और जीवन भर स्वतंत्रता का आधार है।विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, मस्तिष्क स्वास्थ्य संज्ञानात्मक, भावनात्मक, संवेदी और शारीरिक क्षेत्रों में सुचारु रूप से कार्य करने की क्षमता है-जो व्यक्तियों को स्वास्थ्य स्थितियों का प्रबंधन करते हुए एक संपूर्ण, स्वतंत्र जीवन जीने में सक्षम बनाता है। मस्तिष्क स्वास्थ्य के लिए आपके जीवन के भौतिक, पर्यावरणीय और सामाजिक पहलुओं के प्रबंधन की आवश्यकता होती है, जिससे न केवल मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक समृद्धि में भी सुधार होता है। साथियों बातें ग्राम विश्व मस्तिष्क दिवस मनाने की करें तो, विश्व मस्तिष्क दिवस मस्तिष्क स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने और जीवन भर अपने मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के तरीकों को साझा करने के लिए समर्पित एक वैश्विक आंदोलन है। यह याद रखना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है कि मस्तिष्क स्वास्थ्य केवल वृद्धों की ही चिंता का विषय नहीं है, बल्कि यह हर उम्र के सभी लोगों के लिए महत्वपूर्ण है। मस्तिष्क स्वास्थ्य एक आजीवन यात्रा है जो जन्म से शुरू होती है और जीवन के हर चरण में जारी रहती है। 2014 से, विश्व मस्तिष्क दिवस, विश्व न्यूरोलॉजी महासंघ के नेतृत्व में, प्रमुख न्यूरोलॉजिकल संगठनों द्वारा समर्थित, एक प्रमुख जागरूकता कार्यक्रम रहा है।

मस्तिष्क स्वास्थ्य के महत्व पर ध्यान आकर्षित करने और अच्छे कार्यों को बढ़ावा देने के लिए हर साल एक मुख्य विषय का चयन सामूहिक रूप से किया जाता है।वर्ष 2025 का विषय, सभी आयु वर्गों के लिए मस्तिष्क स्वास्थ्य, शीघ्र पहचान और व्यापक तंत्रिका संबंधी देखभाल के माध्यम से विकलांगता को समाप्त करने के विश्व स्वास्थ्य संगठन के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

# यतीन्द्र मोहन सेनगुप्त




यतीन्द्र मोहन सेनगुप्त भारतीय स्वाधीनता संग्राम के प्रमुख नायकों में से एक थे। इन्होंने 1909 ई. में इंग्लैंड से अपनी बैरिस्टरी पूर्ण की थी। इन्होंने कोलकाता उच्च न्यायालय में वकालत शुरू की और साथ ही मज़दूरों के हित के लिए सदैव कार्य करते रहे। यतीन्द्र मोहन सेनगुप्त को पाँच बार कोलकाता का मेयर चुना गया था। इन्होंने एक अंग्रेज़ युवती नेली सेनगुप्त से विवाह किया था, जिसने देश को स्वाधीन कराने के लिए अपने पति के समान ही जेल की सजाएँ भोगीं।

जीवन परिचय- जतीन्द्र मोहन सेनगुप्त का जन्म चटगांव (अब बांग्लादेश में) के विख्यात सेनगुप्ता परिवार में हुआ था। उन्होंने अपना जीवन एक वकील के रूप में प्रारम्भ किया था, किन्तु बाद में वे इसे त्यागकर असहयोग आन्दोलन में कूद पड़े। वे मज़दूर हित समर्थक थे तथा असम-बंगाल रेलवे की हड़ताल का संयोजन किया। इसके बाद वे बंगाल प्रान्तीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बने तथा सविनय अवज्ञा आन्दोलन में भी उन्होंने सक्रिय नेतृत्व किया। वे 1931 ई. में प्रथम गोलमेज सम्मेलन प्रारम्भ होने पर इंग्लैण्ड गए थे। वे जनवरी, 1932 ई. में बन्दी बना लिये गए तथा उन्हें पूना, दार्जिलिंग व राँची में कैद रखा गया। उनकी 1933 ई. में 48 वर्ष की अल्पायु में मृत्यु हो गई। उन्होंने जीवनभर राष्ट्रीय स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया। वे 'देशप्रिय' उपनाम से विख्यात हैं।

जन्म तथा शिक्षा- स्वाधीनता संग्राम के प्रमुख नायक यतीन्द्र मोहन सेनगुप्त का जन्म 22 फ़रवरी, 1885 ई. को चटगांव में हुआ था। उनके पिता जात्रमोहन सेनगुप्त बड़े लोकप्रिय व्यक्ति तथा बंगाल विधान परिषद के सदस्य थे। यतीन्द्र मोहन बंगाल में शिक्षा पूरी करने के बाद 1904 ई. में इंग्लैंड गए और 1909 ई. में बैरिस्टर बनकर स्वदेश वापस आए। भारत आने से पहले उन्होंने नेल्ली ग्रे नाम की एक अंग्रेज़ लड़की से विवाह कर लिया था। समय आने पर श्रीमती नेल्ली सेनगुप्त ने भी भारत के स्वतंत्रता संग्राम में प्रमुख भाग लिया।

व्यावसायिक जीवन- यतीन्द्र मोहन ने कोलकाता उच्च न्यायालय में वकालत और रिपन लॉ कॉलेज में अध्यापक के रूप में अपना व्यावसायिक जीवन आरम्भ किया। 1911 में वे कांग्रेस में सम्मिलित हुए। यह सम्पर्क बढ़ता गया। 1920 की कोलकाता कांग्रेस में उन्होंने प्रमुख रूप से भाग लिया। किसानों और मज़दूरों को संगठित करने की ओर उनका ध्यान विशेष रूप से था।

जेल यात्राएँ- 1921 में सिलहट में चाय बाग़ानों के मज़दूरों के शोषण के विरुद्ध यतीन्द्र मोहन के प्रयत्न से बाग़ानों के साथ-साथ रेलवे और जहाज़ों में भी हड़ताल हो गई थी। इस पर उन्हें गिररफ़्तार करके जेल में डाल दिया गया। स्वराज पार्टी बनने पर यतीन्द्र उसकी ओर से बंगाल विधान परिषद के सदस्य चुने गए। 1925 में उन्होंने कोलकाता के मेयर का पद सम्भाला। अपने जनहित के कार्यों से वे इतने लोकप्रिय बन गये थे कि उन्हें पांच बार कोलकाता का मेयर चुना गया। पंडित मोतीलाल नेहरू की अध्यक्षता में हुए 1928 के कोलकाता अधिवेशन के स्वागताध्यक्ष यतीन्द्र मोहन सेनगुप्त ही थे। रंगून (अब यांगून) में उन्होंने बर्मा (अब म्यांमार) को भारत से अलग करने के सरकारी प्रस्ताव के विरोध में एक भाषण दिया तो राजद्रोह का आरोप लगाकर वे फिर से गिरफ़्तार कर लिये गए।

कांग्रेस अध्यक्ष का पद- 1930 में कांग्रेस को सरकार ने गैर-क़ानूनी घोषित कर दिया। यतीन्द्र मोहन सेनगुप्त कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष चुने गए। लेकिन सरकार ने उन्हें पहले ही उन्हें गिरफ़्तार कर लिया। उनकी पत्नी नेली सेनगुप्त भी गिरफ़्तार की गईं। 1931 में उनका नाम पुनः अध्यक्ष पद के लिए लिया गया था, किन्तु उन्होंने सरदार पटेल के पक्ष में कराची कांग्रेस की अध्यक्षता से अपना नाम वापस ले लिया। 1931 में वे स्वास्थ्य सुधार के लिए विदेश गए, लेकिन 1932 में स्वदेश लौटते ही पुनः गिरफ़्तार कर लिये गए।

कांग्रेस अधिवेशन- 1933 में कोलकाता में कांग्रेस का अधिवेशन प्रस्तावित था, जिसकी अध्यक्षता महामना मदन मोहन मालवीय जी को करनी थी, लेकिन अंग्रेज़ सरकार ने उन्हें मार्ग में ही गिरफ़्तार कर लिया और कोलकाता जाने से रोक दिया। इसके बाद पुलिस के सारे बन्धनों को तोड़ते हुए श्रीमती नेल्ली सेनगुप्त ने इस अधिवेशन की अध्यक्षता की। परन्तु वे अपने भाषण के कुछ शब्द ही बोल पाई थीं कि उन्हें भी गिरफ़्तार कर लिया गया।

निधन- यतीन्द्र मोहन सेनगुप्त को अस्वस्थ अवस्था में ही जेल में बन्द रखा गया था। 22 जुलाई, 1933 को रांची में उनका निधन हो गया।



# 2000, 3000 और 5000 एसआईपी से कब बनेगा 20 लाख का फंड




नई दिल्ली (एजेंसी)। म्यूचुअल फंड में निवेश करने का सबसे आसान तरीका एसआईपी है। आप आज 2000, 3000 और 5000 रुपये की एसआईपी से मोटा फंड तैयार कर सकते हैं। आज हम समझेंगे कि इतनी एसआईपी से 20 लाख का फंड कैसे तैयार किया जा सकता है। चलिए इसकी कैलकुलेशन देखते हैं।

कैलकुलेशन- नीचे हमने दो अलग-अलग रिटर्न 12 और 14 फीसदी के हिसाब से कैलकुलेट किया है। म्यूचुअल फंड में न्यूनतम 12 से 14 फीसदी रिटर्न मिलता है।

2000 रुपये एसआईपी- अगर कोई व्यक्ति 2000 रुपये की एसआईपी करता है। तो 12 फीसदी रिटर्न के हिसाब से आपको 21 साल बाद मैच्योरिटी पर 20,86,013 रुपये मिलेंगे।

अगर इसे 14 फीसदी रिटर्न के हिसाब से देखा जाए, तो 2000 रुपये की एसआईपी से 20 लाख का फंड बनाने के लिए 19 साल का समय लगेगा। 19 साल बाद आपको मैच्योरिटी पर 20,36,109 रुपये मिलेंगे।

3000 रुपये एसआईपी- 12 फीसदी रिटर्न के हिसाब से आपको 3000 रुपये की एसआईपी से 20 लाख रुपये का फंड बनाने के लिए 18 साल का समय लगेगा। 18 साल बाद आपको मैच्योरिटी पर 21,35,186 रुपये मिलेंगे।

14 फीसदी के अनुसार 3000 रुपये एसआईपी में आपको 20 लाख का फंड जुटाने में 17 साल का समय लगेगा।

5000 रुपये एसआईपी- अगर आप 5000 रुपये की एसआईपी करते हैं, तो 12 फीसदी रिटर्न के अनुसार 20 लाख फंड बनाने के लिए आपको 14 साल का समय लगेगा। 14 साल बाद आपको 20,67,700 रुपये मैच्योरिटी पर मिल जाएंगे।

ऐसे ही 14 फीसदी रिटर्न के हिसाब से आपको 20 लाख का फंड जुटाने के लिए 13 साल समय लगेगा।

## रिलायंस इंडस्ट्रीज, बैंक ऑफ बड़ौदा के शेयरों पर क्या है लंबी अवधि का नजरिया



नई दिल्ली (एजेंसी)। रिलायंस इंडस्ट्रीज और बैंक ऑफ बड़ौदा के शेयरों पर ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के एनालिस्ट ने राय रखी है, जबकि एनएमडीसी स्टील के शेयरों पर आशियाना फाइनेंसियल सर्विसेज के सीईओ ने अपना नजरिया दिया है।

बैंक ऑफ बड़ौदा पर टारगेट प्राइस- अरविंद गहलोत ने बैंक ऑफ बड़ौदा के शेयरों पर राय मांगी है। इस पर मोतीलाल ओसवाल में रिसर्च और एडवाइजरी के एवीपी, नंदीश शाह ने कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा ने वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में मिलेजुले नतीजे दिए हैं। हालांकि, मैनेजमेंट को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में हृद्धरू का दबाव बना रहेगा और दूसरी छमाही में इसमें सुधार होगा। बैंक की इस कमेंट्री के साथ नंदीश शाह ने बैंक ऑफ बड़ौदा के शेयरों पर न्यूट्रल की रेटिंग देते हुए 250 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज पर टारगेट प्राइस

यूजर ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों पर सवाल किया। इसके जवाब में नंदीश शाह ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों पर बाय रेटिंग दी है। रिलायंस इंडस्ट्रीज का वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही का कंसोलिडेटेड EBITDA तिमाही-दर-तिमाही आधार पर 2% घटकर 429 अरब रुपये रह गया, जो रिटेल और O2C में कमज़ोर प्रदर्शन का नतीजा है।

## घर खरीदने जा रहे हैं? इस चेकलिस्ट को नजरअंदाज किया तो हो सकता है लाखों का नुकसान!



नई दिल्ली (एजेंसी)। घर खरीदना जीवन के सबसे खास और भावनात्मक निर्णयों में से एक होता है। यह न केवल एक बड़ा आर्थिक निवेश है, बल्कि इससे जुड़ी सामाजिक और पारिवारिक जिम्मेदारियां भी होती हैं। इसलिए यह जरूरी है कि घर खरीदने से पहले पूरी तरह से जांच-पड़ताल की जाए, ताकि किसी भी तरह की कानूनी या वित्तीय परेशानी से बचा जा सके।

यदि आप भी सीधे किसी डेवलपर से प्रॉपर्टी खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो स्क्वायर याईस के सेल्स डायरेक्टर और प्रिंसिपल पार्टनर रवि निरवाल की सुझाई गई यहां बताई गई चेकलिस्ट आपके लिए मददगार साबित हो सकती है। इससे आपका घर खरीदना ज्यादा सुरक्षित, पारदर्शी और तनावमुक्त हो सकता है।

कानूनी और नियामक जांच - रेरा रजिस्ट्रेशन- सबसे पहले यह चेक करें कि प्रोजेक्ट राज्य की रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी में रजिस्टर है या नहीं। इससे आपको प्रोजेक्ट की सही जानकारी और कानूनी सुरक्षा मिलती है।

टाइटल डीड- तय करें कि जमीन का मालिकाना हक डेवलपर के नाम पर है और वह विवाद-मुक्त है।

जमीन के उपयोग की अनुमति- जमीन का उपयोग आवासीय है या नहीं, इसे स्थानीय मास्टर प्लान के अनुसार चेक करें।


नगर निगम से मंजूरी- भवन योजना की स्वीकृति, निर्माण प्रारंभ प्रमाणपत्र, अग्नि सुरक्षा और पर्यावरण मंजूरी जैसे डॉक्यूमेंट चेक करें।

डेवलपर भरोसेमंद है या नहीं इसकी जांच- पिछला रिकॉर्ड- डेवलपर द्वारा पहले पूरे किए गए प्रोजेक्ट्स, समय पर डिलीवरी, निर्माण गुणवत्ता और ग्राहकों की प्रतिक्रिया की जांच करें।

कानूनी विवाद- देखें कि डेवलपर या जमीन से जुड़े कोई अदालती मामले लंबित तो नहीं हैं।

पजेशन टाइमलाइन- कब्जा मिलने की तारीख स्पष्ट करें और देरी की स्थिति में जुर्माने से संबंधित शर्तों को समझें।

## दुनिया के 3200 GCC में से 1700 भारत में, किस शहर में हैं कितने ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर



नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑपरेशनल लागत कम करने और स्किल्ड वर्कफोर्स का लाभ उठाने के लिए 1990 के दशक में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर की शुरुआत हुई थी। इसका भारत को बड़ा फायदा मिला है। दुनिया में इस समय करीब 3,200 जीसीसी हैं, जिनमें से 53 प्रतिशत, यानी लगभग 1,700 भारत में हैं। शिकागो मुख्यालय वाली वर्कस्पेस सॉल्यूशन फर्म वेस्टियन ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है।

शुरुआत में जीसीसी आईटी सपोर्ट और बैक-ऑफिस सर्विसेज के लिए होते थे। लेकिन अब ये इनोवेशन, रिसर्च और डेवलपमेंट के हब बन गए हैं। इस समय भारत के टियर-1 और टियर-2 शहरों में लगभग 1,700 ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर हैं।

रिपोर्ट के अनुसार जीसीसी की संख्या के मामले में टियर-1 शहर अब भी आगे हैं, लेकिन धीरे-धीरे यह गति टियर-2 शहरों की ओर बढ़ रही है। बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, एनसीआर, मुंबई और पुणे जैसे शीर्ष छह शहरों भारत के 94ु जीसीसी स्थित हैं। बाकी सेंटर कोलकाता, कोच्चि, अहमदाबाद, चंडीगढ़, कोयंबटूर, वडोदरा, नासिक, त्रिवेंद्रम, जोधपुर, वारंगल, बड़ौदा, विशाखापत्तनम, भोगपुरम, जयपुर, सूरत, मोहाली, भुवनेश्वर, इंदौर, मैसूर, मदुरै और भोपाल में फैले हैं।

## कौन-सा बैंक शेयर कराएगा ज्यादा कमाई, देखिए बड़े ग्लोबल ब्रोकरेज हाउसेज के टारगेट प्राइस




नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के दो दिग्गज प्राइवेट सेक्टर बैंक, एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में 21 जुलाई को शानदार तेजी देखने को मिली। दोनों बैंकों ने 19 जुलाई को अपने पहली तिमाही के नतीजे पेश किए थे। खास बात है कि दोनों ही बैंकों के त्ता रिजल्ट अच्छे रहे, लेकिन सभी आईसीआईसीआई बैंक के नतीजे सभी पैमानों पर अव्वल रहे, जबकि एचडीएफसी बैंक के रिजल्ट कुछ पैमाने पर थोड़े कमजोर रहे।

हालांकि, दोनों बैंक शेयर 21 जुलाई को 2 फीसदी से ज्यादा की तेजी के साथ बंद हुए। एचडीएफसी बैंक के शेयर 43 रुपये के उछाल के 2000.50 रुपये पर क्लोज हुए, जबकि आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 40 रुपये की तेजी दिखाते हुए 1465.80 रुपये पर बंद हुए। निवेशकों के मन में सवाल है कि त्ता के नतीजों के बाद किस बैंक शेयर पर दांव लगाना, ज्यादा फायदेमंद होगा।

HDFC या ICICI बैंक, कहां करें निवेश

-देश के दो सबसे बड़े बैंकों के पहली तिमाही नतीजों के बाद ब्रोकरेज हाउसेज ने दोनों बैंक शेयरों पर टारगेट प्राइस रिवाइज्ड किए हैं।

-ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने HDFC बैंक के शेयरों पर 2400 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है।

-वहीं, गोल्डमैन सेस ने कहा कि बैंक के नतीजे उम्मीद के मुताबिक रहे हैं। इस ब्रोकरेज फर्म ने शेयर पर 2327 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है।

-CLSA और नोमुरा ने भी एचडीएफसी बैंक के पहली तिमाही के नतीजों से संतुष्ट दिखे और शेयर पर क्रमशः 2300 और 2190 रुपये कर दिया है।

ICICI बैंक शेयर पर टारगेट प्राइस -घरेलू ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने ICICI बैंक के शेयरों पर बाय रेटिंग दी है। ब्रोकरेज हाउस ने अपनी रिसर्च रिपोर्ट में इस प्राइवेट बैंक के शेयरों पर 1670 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है।

-ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म छ्रू ने आईसीआईसीआई बैंक पर 1,700 रुपये प्रति शेयर के लक्ष्य मूल्य के साथ आउटपरफॉर्म रेटिंग बरकरार रखी है।

-ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों को 'BUY' रेटिंग दी है और टारगेट प्राइस को 1,710 से बढ़ाकर 1,760 प्रति शेयर कर दिया है।

## मोमेंटम इन्वेस्टिंग: क्या ट्रेंड के साथ ग्रोथ मिल सकती है?



नई दिल्ली (एजेंसी)। मोमेंटम केवल एथलीटों के लिए नहीं होता है–यह निवेश में भी एक पावरफुल फोर्स है। एक तेज रफ्तार से दौड़ती ट्रेन की कल्पना कीजिए, वह जितनी ज्यादा दूरी तय करती है, उतनी ही ज्यादा ताकत पैदा करती है। यही है मोमेंटम का काम। मार्केट में, इसका मतलब है कि बढ़ते शेयरों का लगातार बढ़ना और जो गिर रहे हैं वे कम से कम कुछ समय तक सुस्त रहेंगे।

मोमेंटम इन्वेस्टिंग क्या है- मोमेंटम इन्वेस्टिंग का मतलब है उन शेयरों की पहचान करना जो पहले से ही अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं–प्राइस ट्रेंड, अर्निंग ग्रोथ या एनालिस्ट के अपडेट के आधार पर। जब तक ट्रेंड बना रहता है, तब तक उनमें बने रहने की बात कही जाती है। यह एक डेटा-आधारित दृष्टिकोण है जिसमें इमोशन या अटैचमेंट के लिए कोई जगह नहीं है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# सिवनी में चप्पल निकालने के चक्कर में चली गई युवक की जान, पैर फिसला और सीधे नदी में गिरा




सिवनी। मध्य प्रदेश के सिवनी जिले में एक युवक की जान नदी के किनारे गिरी चप्पल निकालने में चली गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें युवक आयुष यादव एक लकड़ी की मदद से नदी के करीब चट्टान पर पड़ी चप्पल निकालने की कोशिश करता नजर आ रहा है। इस दौरान चप्पल बहकर थोड़ी आगे चली जाती है। इस पर वह दौड़कर फिर उसे निकालने की कोशिश करने लगता है, लेकिन चप्पल को पकड़ने की कोशिश में उसका पैर फिसल जाता है और नदी में गिर जाता है। इसके बाद वह नदी के तेज बहाव में बह जाता है।

पुलिस के अनुसार लखनादौन के वार्ड क्रमांक 14 निवासी आयुष पिता गुड्डू यादव (21) अपने दो दोस्तों के साथ शनिवार दोपहर आदेगांव से लगभग सात किलोमीटर दूर परेवा खोह घूमने गया था। यहां झरनों के बीच बहने वाली शेड नदी में उसकी चप्पल गिर गई थी, जिससे निकालने के दौरान आयुष का पैर फिसल गया और वह पानी के तेज बहाव में बह गया।झरने में मिला शव

साथ गए दोस्तों ने तुरंत पुलिस व आयुष के परिवार को सूचना दी। आदेगांव पुलिस ने स्थानीय तैराकों की मदद से शनिवार को ही खोजबीन शुरू कर दी थी, लेकिन अंधेरा होने के कारण अभियान रोकना पड़ा था। आदेगांव थाना प्रभारी पूजा चौकसे ने बताया कि रविवार सुबह से एसडीईआरएफ का दल ने कुछ घंटों के तलाशी अभियान के बाद लापता युवक का शव घटनास्थल से कुछ दूरी में झरने से बरामद कर लिया है।

पोस्ट मार्टम के बाद शव स्वजन को सौंप दिया गया है। मर्ग कायम कर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।रेस्क्यू टीम प्रभारी गौरीशंकर डोंगरे ने बताया कि कंट्रोल रूम से परेवा खोह झरने में एक युवक के डूबने की सूचना पर पांच सदस्यीय दल बनाकर निकटतम डीआरसी (डिजास्टर रिस्पांस सेंटर) लखनादौन के सदस्यों को घटना स्थल को भेजा गया है। टीम ने मौके पर पहुंचकर रविवार सुबह रेस्क्यू प्रारंभ किया। कुछ घंटों तक चले रेस्क्यू अभियान के बाद दोपहर लगभग एक बजे युवक का शव झरने से थोड़ी ही दूर खोज निकाला गया।

## अवैध खदान बनी काल...डूबने से दो सगी बहनों की मौत, गांव में पसरा मातम



मैहर। देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत बांठिया गांव में शनिवार को एक दर्दनाक हादसे में दो मासूम सगी बहनों की जान चली गई। गांव में संचालित एक खुली खदान में डूबने से पुष्पा कोल और प्राची कोल, उम्र लगभग 10 वर्ष, की मौत हो गई। दोनों मृत बच्चियां पिट्टू कोल की पुत्रियां थीं और गांव की निवासी थीं।

**खेलते समय खदान में डूबी दोनों बहनें**-प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, खदान लंबे समय से खुली और लापरवाही से छोड़ी गई थी, जहां पानी भर गया था। खेलते-खेलते दोनों बहनें पानी में चली गईं और डूब गईं। जब तक ग्रामीणों ने उन्हें बाहर निकाला, तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी।गांव में पसरा मातम घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। लोगों में खदान संचालक के खिलाफ आक्रोश है, क्योंकि खुले खदान की सुरक्षा को लेकर कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। ग्रामीणों ने प्रशासन से उचित कार्रवाई और पीड़ित परिवार को सहायता देने की मांग की है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## खरगोन में यूरिया के लिए किसानों ने चित्तौड़गढ़-भुसावल नेशनल हाईवे पर दूसरी बार किया चक्काजाम



खरगोन। खरगोन जिला मुख्यालय पर यूरिया को लेकर मचा हाहाकार जारी है। पिछले एक माह से रोजाना किसान प्रदर्शन कर रहे हैं। सोमवार दोपहर 1 बजे को भी उमरखली रोड़ स्थित विपणन संघ के खाद बिक्री काउंटर पर सैंकड़ों किसान खाद खरीदने पहुंचे। इनमें कई किसान ऐसे थे जिन्हें 16 जुलाई को टोकन नहीं मिले। अब सोमवार को टोकन मिलने की सूचना दी गई थी।

करीब 11 बजे केंद्र खुला और मौजूद कर्मचारियों ने यूरिया नहीं होने की बात कही तो किसान भड़क गए। नारेबाजी शुरू कर दी।इसके बाद एकजुट होकर रैली के रूप में बिक्री केंद्र से करीब 1 किमी दूर नारेबाजी करते हुए बिस्टान नाका पहुंचे। यहां चित्तौड़गढ़-भुसावल नेशनल हाईवे पर धरना देकर रास्ता जाम कर प्रदर्शन किया। इस दौरान मौके पर पुलिस बल तैनात रहा।इधर... दो वाहनों के साथ डीजल जब्त तीन आरोपी गिरफ्तार

जैतापुर पुलिस ने मारुति कार में बिना अनुमति डीजल परिवहन कर बस में डालने पर कार्रवाई की है। इसमें पुलिस ने दो वाहन, डीजल सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। टीआइ सुदर्शन कलोसिया ने बताया कि रविवार को मुखबीर से सूचना मिली थी कि की एक सफेद रंग की वैन (एमपी09-सीजी-1413) से अवैध रूप से डीजल संग्रहित कर ग्राम गोपालपुरा खंडवार रोड स्थित पंचायत भवन के पास एक बस (जीजे-01-डीझेड-8325) में पाइप के जरिये भरा जा रहा है।

पुलिस ने तत्काल टीम भेजी और आरोपितों को पकड़ा। आरोपियों के पास कोई वैध कागजात नहीं थे। पुलिस ने आरोपित राजू पुत्र मोहनलाल सोलंकी (32) निवासी गोपालपुरा, देवराम पुत्र वालाजी मोगरे (60) निवासी गोपालपुरा व बस चालक बंटिया पुत्र संपत चौहान (35) निवासी ग्राम जामनी तहसील जोबट को गिरफ्तार किया है। एसडीओपी रोहित लखारे के मार्गदर्शन में प्रशांत राव सूर्यवंशी, मोहन मेढ़ा, मुकेश पटेल, विकास, महेंद्र, नंदकिशोर आदि कार्रवाई में शामिल रहे।

# पितृपक्ष के दौरान सिंधु एक्सप्रेस ट्रेन कैंसल करने का विरोध, रेल मंत्री से इसे वापस शुरू करने की मांग

भोपाल। पितृपक्ष के दौरान सिंधु एक्सप्रेस (22911) को रद किए जाने के फैसले का विरोध शुरू हो गया है। पश्चिम मध्य रेलवे की क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य मुकेश अवस्थी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर इस निर्णय पर आपत्ति जताई है और ट्रेन को फिर से शुरू करने की मांग की है। मुकेश अवस्थी ने कहा कि पितृपक्ष के समय लाखों श्रद्धालु गया जाकर पिंडदान और तर्पण करते हैं।

इस दौरान ट्रेनों में भारी भीड़ होती है, ऐसे में सिंधु एक्सप्रेस जैसी जरूरी ट्रेन का रद होना लोगों के लिए परेशानी का कारण बनेगा। उन्होंने बताया कि 16 सितंबर से 18 दिनों तक यह ट्रेन रद रहेगी, जिससे श्रद्धालुओं को गया पहुंचने में मुश्किलें होंगी। उन्होंने यह भी कहा कि भोपाल से गया जाने के लिए कोई वैकल्पिक ट्रेन नहीं है, जिससे यात्री महंगे प्राइवेट साधनों पर निर्भर हो जाएंगे। अवस्थी ने मांग की कि पितृपक्ष की अवधि में सिंधु एक्सप्रेस ट्रेन को नियमित रूप से चलाया जाए और जरूरत पड़ने पर विशेष ट्रेनों का भी संचालन किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं की धार्मिक यात्रा बाधित न हो।



यहां भोपाल रेलवे स्टेशन पर सफर से पहले यात्री ले सकेंगे स्वाद का अनुभव भोपाल रेलवे स्टेशन पर सफर के साथ अब स्वाद का भी आनंद मिलेगा। प्लेटफार्म नंबर एक के प्रवेश द्वार पर यात्रियों के लिए एक नया रेस्टोरेंट तैयार किया जा रहा है, जो विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ एक नया अनुभव प्रदान करेगा। यह रेस्टोरेंट सफर से पहले या बाद में यात्रियों को ताजगी और स्वाद दोनों का एहसास कराएगा। रेस्टोरेंट का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और अगले एक महीने में इसके शुरू होने की संभावना है।

यहां पारंपरिक भारतीय व्यंजनों के साथ-साथ कुछ अंतरराष्ट्रीय फूड आप्शन भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इस सुविधा से यात्रियों को प्लेटफार्म पर ही गुणवत्तापूर्ण भोजन मिल सकेगा, जिससे उन्हें स्टेशन से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।इस नए रेस्टोरेंट के शुरू होने के बाद यात्रियों को ट्रेन के इंतजार के दौरान स्वादिष्ट भोजन की तलाश में स्टेशन परिसर से बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यह पहल न सिर्फ सुविधा बढ़ाएगी, बल्कि स्टेशन की छवि को भी नए रूप में प्रस्तुत करेगी। यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण भोजन मिल सकेगा।

अगले एक माह में रेस्टोरेंट पूरी तरह से शुरू हो जाएगा

भोपाल रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए यह नया रेस्टोरेंट विकसित किया जा रहा है। यात्रियों को न केवल स्वादिष्ट भोजन देना चाहते हैं, बल्कि एक साफ-सुथरा और वातावरण भी प्रदान करना हमारा लक्ष्य है। अगले एक माह में यह रेस्टोरेंट पूरी तरह से शुरू हो जाएगा।

**- नवल अग्रवाल, एसीएम व प्रवक्ता**




# मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने दी विधानसभा एक को करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की दी सौगात

## विधानसभा 1 के वार्ड 4 में हुआ 6 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण- भूमिपूजन




इंदौर। जनता की सेवा ईश्वर की सेवा के समान है और जनता साक्षात ईश्वर का स्वरूप है इसलिए हम सदैव जनसेवा में लगे रहते हैं। इससे ईश्वर की सेवा के फल के समान फल हमें प्राप्त हो जाता है। यह बात नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कही। नगरीय प्रशासन मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव एवं पूर्व विधायक श्री आकाश विजयवर्गीय के साथ 20 जुलाई को विधानसभा क्षेत्र 1 के वार्ड 4 में 6 करोड़ से अधिक की लागत के 21 विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया। साथ ही विधानसभा 1 के बगीचों में लगाने के लिए ढाई करोड़ से अधिक की लागत के ओपन जिम सेट और झूले-चकरी दिए गए।

आजकल के सीरियल विकृति फैला रहे हैं मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि एक समय 100 में से 5 बच्चों को चश्मा लगता था, लेकिन अब 100 में से 30 बच्चों को चश्मा लगने लगा है। बच्चे मोबाइल की लत के शिकार हो रहे हैं। माताओं से मेरा निवेदन है कि बच्चों को फास्टफूड से दूर रखें। घर का बना हुआ पौष्टिक खाना खिलाए, जिससे बच्चों का बेहतर शारीरिक और मानसिक विकास हो सके। मैदा के बने फास्टफूड बच्चों की सेहत को बिगाड़ रहे हैं। आपका पेट कोई डस्टबीन नहीं है। मेरी माँ कोयले की सिगड़ी पर पराठे बनाकर खिलाती थी और हम खूब खाते भी थे, क्योंकि दिनभर साइकिल चलाते थे तो एक्सरसाइज हो जाती थी, जिससे अच्छी भूख लगती थी। आजकल बच्चों की जिदगी से व्यायाम शब्द निकल गया है।

उन्होंने बच्चों के संस्कारों के सम्बंध में कहा कि मेरी माँ रामचरित मानस के 10 दोहे सुनाने पर दूध देती थी और 10 दोहे सुनाने पर ही भोजन देती थी। रात में रामचरित मानस का पाठ अर्थ सहित पढ़ना अनिवार्य था, जिससे श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतार सकें। आजकल के सीरियल विकृति फैला रहे हैं। इसलिए बच्चों को बगीचों में भेजे, जिससे वह व्यायाम करने के साथ-साथ उनका सामाजिक दायरा भी बढ़ेगा।

## भोपाल में ई रिक्शा पर लगा प्रतिबंध, इंदौर में असुरक्षित तरीके से ढो रहे स्कूली बच्चे



इंदौर। भोपाल में स्कूली बच्चों को लाने व घर छोड़ने में हो रहे ई रिक्शा के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, लेकिन इंदौर के कई स्कूलों में इसका उपयोग हो रहा है। रोज सुबह बच्चों को ई रिक्शा घरों से लेकर जाते है। अब इंदौर में भी ई रिक्शा को लेकर नियम सख्त करने की तैयारी की जा रही है।

इंदौर के बड़े स्कूलों में तो उनका खुद का ट्रांसपोर्ट सिस्टम रहता है और बसों से स्कूल प्रबंधन बच्चों को घरों से लाना और छोड़ने का काम करता है, लेकिन कई छोटे स्कूलों में परिवहन के लिए स्कूली रिक्शा, वैन व अन्य वाहन अटैच है। मुनाफे के चक्कर में कई चालकों ने ई रिक्शा खरीद रखे है और उसमें बच्चों को ढोया जाने लगा है।इंदौर में ई रिक्शा को लेकर कई हादसे भी हो चुके है, लेकिन फिर भी उनके लिए सख्त नियम नहीं बने। दिल्ली पब्लिक स्कूल हादसे के बाद स्कूली बसों में ई गर्वनर लगाने, सीट बेल्ट लगाने, खिड़की को जाली से कवर करने जैसे नियमों को लेकर सख्ती बरती गई, लेकिन अन्य स्कूली वाहनों के हाल बुरे है। हाल ही में इंदौर में संभागायुक्त दीपक सिंह ने ई रिक्शा का किराया निर्धारित करने का निर्णय लिया, लेकिन फिर भी मनमाना किराया इंदौर में वसूला जा रहा है।

इसलिए असुरक्षित है ई रिक्शा - ज्यादातर ई रिक्शा बनाने का काम बड़ी कंपनियां नहीं कर रही है। इसमें घटिया बैटरी का इस्तेमाल होता है। ब्रिज व चढ़ाई वाले हिस्सों में ई रिक्शा बड़ी मुश्किल से आगे बढ़ पाते है।

## शहर भर में सफाई मित्रों का सम्मान, इंदौरी पहल सभी मन में समाई



इंदौर। देश दुनिया में इंदौर का नाम सुपर से ऊपर करने वाले सफाई मित्रों का शहर भर में सम्मान हो रहा है इंदोरियों की सतवीनता से सफाई मित्र भी भाव भर नजर आ रहे हैं।इंदौर को सफाई में सुपर से ऊपर ले जाने में सर्वाधिक योगदान यहां के सफाई मित्रों को जाता है। इन्दौर नगर निगम के सफाईकर्मियों एवं इन्दौर की जनता के सहयोग से देश में स्वच्छता में 8 वीं बार प्रथम पुरस्कार प्राप्त करा। जेलरोड़ लाल रेडियो के गली में मयूर व्यास के नेतृत्व में रहवासियों द्वारा सफाईकर्मियों का मिठाई खिलाकर व हार पहनाकर सम्मान किया और बधाई दी। इस अवसर पर श्री मेहता ,पार्षद सुरेश टाकलकर वार्ड 57 दाऊलाल व्यास, गोपाल यादव पहलवान (विक्रम अवार्ड), विशाल शर्मा, मयुर व्यास, राजेश शर्मा, सुधीर व्यास पुरूषोत्तम द्धद्ध,शांतनु यादव गणेश कुशवाहव भागीरथ यादव गौरव व्यास एडवोकेट संजय यादव दीपक मित्तल अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

# शासकीय भवनों की छतों पर बिना निवेश के लगेंगे सोलर रूफटॉप संयंत्र

## प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना'' में रेस्को पद्धति से लगेंगे सोलर सिस्टम

इंदौर। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2030 तक 500 गीगा वॉट नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में मध्यप्रदेश निरंतर आगे बढ़ रहा है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सौर ऊर्जा के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित कर रहे है। इसी क्रम में ÷प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना'' में प्रदेश के सभी शासकीय भवनों को दिसम्बर-2025 तक सौर ऊर्जीकृत किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिये ऋश्वस्ष्ठ्ह द्वारा सभी जिलों में पृथक-पृथक निविदाएँ जारी कर दर आमंत्रित की गयी है।

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने बताया है कि ÷प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना'' में प्रदेश में राज्य शासन के भवनों की छतों पर रेस्को पद्धति अंतर्गत सोलर रूफ़टॉप संयंत्र लगाने हैं। शासकीय विभागों को इन सौर परियोजनाओं में कोई निवेश नहीं करना होगा। शासकीय कार्यालयों द्वारा ऊर्जा के उपयोग के लिए RESCO विकासक को प्रति यूनिट भुगतान करना होगा। रेस्को द्वारा लगाये गये संयंत्र की प्रति यूनिट दर विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा निर्धारित व्यवसायिक दर (जिसमें शासकीय कार्यालय भी शामिल हैं) से काफी कम होगी। इस प्रकार शासकीय कार्यालय शून्य निवेश, पहले दिन से बचत, नेट जीरो'' के सिद्धांत पर कार्य कर सकेंगे।

RESCO परियोजना अंतर्गत म.प्र. ऊर्जा विकास निगम द्वारा प्रत्येक जिले के लिए पृथक-पृथक निविदा जारी की गई है। इसमें RESCO विकासकों से प्रत्येक जिले के लिए पृथक-पृथक दर माँगी गई है। प्रत्येक जिले की न्यूनतम दर के आधार उस जिले में RESCO परियोजनाएँ स्थापित होंगी। भोपाल जिले में अधिकतम 15.6 MW की परियोजनाएं प्रस्तावित हैं, जबकि ग्वालियर जिले में 5.26 MW, इंदौर जिले में 3.12 MW, छिंदवाड़ा जिले में 1.43 MW, दतिया जिले में 1.4MW, धार जिले में 1.34 MW की परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। शासकीय विभागों/संस्थाओं के भवन पर RESCO इकाई द्वारा 25 वर्ष की अवधि के लिये सोलर रूफ़टॉप संयंत्र स्थापित किये जायेंगे।

# संभाग के आश्रम छात्रावासों और आवासीय परिसरों की जांच के लिये संयुक्त दल गठित

इंदौर। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने संभाग के सभी अनुसूचित जाति जनजातीय और पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिये संचालित आश्रमों, छात्रावास और आवासीय परिसरों की निगरानी के लिये संयुक्त दल गठित किये है। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने विद्यार्थियों के लिये व्यवस्थाओं और सुविधाए सुश्चित कराने के लिये। संभाग स्तरीय अधिकारियों को भी जिम्मा सौपा है। इसके अलावा उन्होंने जिलों में स्थित सीईओ जिला पंचायत, महिला अधिकारी, एडीएम, डॉक्टर और एसडीएम, जनपद सीईओ और तहसीलदारों को आवश्यक रूप से इन संस्थाओं का समय-समय पर निरीक्षण करने के आदेश जारी किये है। यह सभी अधिकारी जिला मुख्यालय के एकलव्य आवासीय कन्या शिक्षा परिसर एवं जिला स्तरीय उत्कृष्ठ छात्रावास व अन्य छात्रावासों का 21 जुलाई से 26 जुलाई के बीच गहन निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

जिलावार संभागीय अधिकारियों को किया नियुक्त- संभागायुक्त श्री सिंह के आदेशानुसार धार जिले के लिये जनजातीय कार्य विभाग के संभागीय उपायुक्त, इंदौर के लिये राजस्व उपायुक्त, खरगोन में संयुक्त आयुक्त विकास, खड़वा में संयुक्त संचालक लोक शिक्षण, बड़वानी में संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं, झाबुआ में संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास, बुरहानुपर में उप संचालक सामाजिक न्याय और आलीराजपुर में खाद्य नियंत्रक खाद्य आपूर्ति को नियुक्त किया गया है।

# संभाग के आश्रम छात्रावासों और आवासीय परिसरों की जांच के लिये संयुक्त दल गठित

इंदौर। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने संभाग के सभी अनुसूचित जाति जनजातीय और पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिये संचालित आश्रमों, छात्रावास और आवासीय परिसरों की निगरानी के लिये संयुक्त दल गठित किये है। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने विद्यार्थियों के लिये व्यवस्थाओं और सुविधाए सुश्चित कराने के लिये। संभाग स्तरीय अधिकारियों को भी जिम्मा सौपा है। इसके अलावा उन्होंने जिलों में स्थित सीईओ जिला पंचायत, महिला अधिकारी, एडीएम, डॉक्टर और एसडीएम, जनपद सीईओ और तहसीलदारों को आवश्यक रूप से इन संस्थाओं का समय-समय पर निरीक्षण करने के आदेश जारी किये है। यह सभी अधिकारी जिला मुख्यालय के एकलव्य आवासीय कन्या शिक्षा परिसर एवं जिला स्तरीय उत्कृष्ठ छात्रावास व अन्य छात्रावासों का 21 जुलाई से 26 जुलाई के बीच गहन निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

जिलावार संभागीय अधिकारियों को किया नियुक्त- संभागायुक्त श्री सिंह के आदेशानुसार धार जिले के लिये जनजातीय कार्य विभाग के संभागीय उपायुक्त, इंदौर के लिये राजस्व उपायुक्त, खरगोन में संयुक्त आयुक्त विकास, खड़वा में संयुक्त संचालक लोक शिक्षण, बड़वानी में संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं, झाबुआ में संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास, बुरहानुपर में उप संचालक सामाजिक न्याय और आलीराजपुर में खाद्य नियंत्रक खाद्य आपूर्ति को नियुक्त किया गया है। संभागायुक्त श्री सिंह ने निरीक्षण दल में शामिल अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये है कि विद्यार्थियों को सामुहिक रूप से एकत्रित कर खुली चर्चा करेंगे। साथ ही उन्हें यहां मिलने वाली सुविधाओं और व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी हासिल करेंगे।

दलों को छात्रावासों में इन व्यवस्थओं का करना होगा अवलोकन- संभागायुक्त श्री सिंह ने गठित दलों को छात्रावासों में प्रमुख रूप से रसोईघर, भण्डार कक्ष का निरीक्षण कर खाद्य सामग्री भोजन आदि की गुणवत्ता, बर्तनों की साफ-सफाई, नाश्ते और भोजन प्राप्त होने का समय, स्वास्थ्य जांच तथा मौसमी बीमारियों, संक्रामक और जहरीले जंतुओं की रोकथाम के लिये किये गये उपायों पर विशेष निगरानी करेंगे। साथ ही व्यक्तिगत व सामुहिक साफ-सफाई और कन्या छात्रावासों में सेनेटरी, नेपकीन और सुरक्षा व्यवस्थाओं को फोकस करते हुए अन्य व्यवस्थाओं को परखेंगे। वहीं कन्या छात्रावासों में निरीक्षण के समय फीडबेक फॉर्म भी भरवायेंगे। निरीक्षण के पश्चात निर्धारित प्रारूप में जानकारी प्रस्तुत करेंगे।

# जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के लिए कठिन परिश्रम और बधाओ का सामना संयम से करें - पूज्य धैर्य प्रभा श्रीजी



इंदौर । जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के लिए कठिन परिश्रम व बधाओँ को पार करने में असहनीय दुख सहन कर लेगे तो लक्ष्य प्राप्ति के निकट पहुंच सकेंगे। आवश्यकता से ज्यादा खुशी या सुख भी मृत्यु का कारण बन जाता है। अगर आज आपके पास धर्म करने के लिए समय नहीं है तो वह दिन भी आएगा जब धर्म के पास भी आपकी रक्षा के लिए समय नहीं होगा, इंसान के जीवन में कर्म प्रधान होते हैं। माता सीता के वनवास समाप्ति के बाद राज भवन में लौटने के बाद भी उनके कर्मों ने उनका पीछा नहीं छोड़ा।

यह बात रविवार को श्वेतांबर जैन संत दिवाकर मुनि जी शिष्या पूज्य धैर्य प्रभा श्री जी मसा ने मालगंज के पास जंगमपुरा स्थित श्री श्वेतांबर जैन पदमावती पोरवाल संघ भवन में साधकों ओर समाज जनों के मध्य व्यक्त किए । यह निर्मित दिवाकर दरबार में विजय नगर (कर्नाटक ) में पूर्व हुए घटना क्रम का उल्लेख करते कहा कि जैन संतों ने घोर यातनाएं सहकर भी जिनशासन की रक्षा की। धर्म सभा में बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाओं ने उपस्थिति दर्ज करवाई। इससे पूर्व सभी ने चमत्कारी वज्र पंजर स्त्रोत का सामूहिक जप किया।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# चौरासी महादेव निःशुल्क यात्रा का द्वितीय पड़ाव पूर्ण

## ओम नमः शिवाय के जाप से आकाश गूंजायमान कर दिया



उज्जैन। श्रावण मास के द्वितीय रविवार को निःशुल्क धार्मिक यात्रा माता बहनों को करवायी गयी।

यात्रा संयोजक ललित लुल्ला ने बताया कि शशांक चंदेरिया की अगुवाई में तृतीय वर्ष के लिये इस यात्रा में अतिथि रूप में निगम सभापति कलावती यादव टावर चौक पर अतिथि रूप में उपस्थित रही तथा मातृशक्तियों से भेंट कर उन्हें यात्रा के लिए प्रस्थान करवाया। यात्रा बस का पूजन कलावती यादव ने किया। इस अवसर पर यात्रा के प्रेरणा स्त्रोत महेश परियानी, युवा समाज सेवी अभय यादव, युवा नेता आनंद खींची उपस्थित थे। आगामी यात्रा 27 जलाई को सुबह 8 बजे बस द्वारा 84 महादेव के तीसरे पडाव के लिए प्रस्थान करेगी। इस आयोजन में 15 बसें, 10 मैजिक वाहन सम्मिलित रहे। इस अवसर पर गोपाल बलवानी, लोकेश आडवाणी, नीतिन वासवानी, एड. रवि गुप्ता, मंडल अध्यक्ष गजेंद्र खत्री, गोल्डमेन रोशन यादव, भानु ठाकुर, पार्षद प्रतिनिधि करण परमार, आशीष परमार, हितेश तिवारी, दीपक पांचाल, आकाश सोनी, नीतिन राठौर, सन्नी सोनग्रह. दीपक पंवार, लोकेश सोनग्रह, गौरव पंवार, हितेश गायकवाड, आदि समेत अनेक जन मौजूद थे। इस यात्रा में विभिन्न सस्थओ के प्रतिनिधिगणों, ने भाग लिया। जिसमे प्रजापति समाज, राठौर समाज, सोनी समाज, सिंधी समाज आदि का विशेष सहयोग रहा।

# श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का उज्जैन में सम्मान



उज्जैन। श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश मोहने के उज्जैन आगमन पर 21 जुलाई को उज्जैन रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया।

सर्व रविदास अनुयायी समाज परिषद मध्यप्रदेश के प्रदेश महासचिव रमेशचंद्र सुर्यवंशी ने बताया कि रविदास सेवक संघ उज्जैन के अध्यक्ष मुकेश खलीफा के नेतृत्व में फूलमालाओं, दुपट्टा पहनाकर सतगुरु के जयघोषों के साथ श्री मोहने का उत्साहपूर्ण स्वागत किया। इस अवसर मुकेश खलीफा ने कहा कि श्री मोहने का नेतृत्व हमारी महापीठ को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। यह नियुक्ति पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। मुन्ना पठान ने कहा कि हम सभी उनके मार्गदर्शन में समाज सेवा के कार्यों को तीव्र गति से आगे बढ़ाएंगे। रमेश चंद्र सुर्यवंशी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि इनके अनुभव से महापीठ का प्रदेश में और विस्तार होगा। इस अवसर पर उपस्थित भूरा खान, जगदीश गुजराती, राम चौहान, अंकित मोहने, हरि नारायण, राकेश गोयल, रोहित सोलंकी, संतोष पंचोली, विक्रम परमार, विरेन्द्र अजमेरी आदि सभी ने श्री मोहने के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए संगठन के प्रति समर्पण का संकल्प व्यक्त किया।

नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश मोहने ने अपने विचार रखते हुए कहा कि मैं इस जिम्मेदारी को सत गुरु जी के संदेश 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' को जन-जन तक पहुँचाने का अवसर मानता हूँ। गुरुदेव के परम संदेश मे कहा था कि एसा चाहु राज में, जहा मिले सबन को अन्न, छोटबड सब बसे, रविदास रहे प्रसन्न।

## महाराष्ट्र में ठाकरे बन्धुओं का हिन्दी विरोधी आन्दोलन हास्यास्पद, शर्मनाक व घोर निन्दनीय

उज्जैन। नगर की साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था निर्झर के अध्यक्ष डॉ. राजेश ठाकुर निर्झर, सचिव डॉ. स्वामीनाथ पाण्डेय ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि महाराष्ट्र की क्षेत्रीय पार्टी शिवसेना व हिन्दुत्व के ध्वज वाहक स्व. श्री बाला साहेब के पुत्र व भतीजे पुत्र जो सत्ता से बाहर हो चुके हैं और जिसके विधायकों की संख्या ऊँगलियों पर है, मराठी समर्थक व हिन्दी विरोधी जहर फैलाकर हीन हथकण्डे अपनाते हुए सत्ता पाना चाहते हैं। ठाकरे बन्धु सर्वप्रथम संविधान का अध्ययन कर ले। भारतीय संविधान भारत के प्रत्येक नागरिक को किसी प्रान्त में किसी भी भाषा बोलने के लिए कोई बाध्य नहीं कर सकता। सभी भाषाएँ औचित्यपूर्ण व सम्मानीय है। उत्तरप्रदेश, बिहार तथा भारत के हर राज्य के व्यक्ति उद्योग की राजधानी मुम्बई में रहते हैं।

# झूले में विराजें बाबा श्याम, बटें नि :शुल्क रुद्राक्ष श्री खाटूश्याम मंदिर में मनाया झूला उत्सव



उज्जैन। श्रावण के पवित्र मास में हाटकेश्वर विहार कॉलोनी के सामने स्थित श्री खाटूश्याम जी मंदिर पर दिव्य रुद्राक्षों का अभिषेक कर अभिमंत्रित किया गया। जिन्हें एकादशी पर्व पर पूरे दिन निःशुल्क वितरित किया गया।

मंदिर परिवार के मीडिया प्रभारी डॉ. गौरव पेड़वा ने बताया कि श्रावण के अवसर पर शाम को श्री खाटूश्याम जी को झूले में विराजमान कर झूला उत्सव मनाया गया। श्याम बाबा की ज्योत जला कर मीठे मीठे भजनों से बाबा के भक्तो द्वारा बाबा को रिझाया।

# 1 क्विंटल फूलों की माला के साथ बाणेश्वरी कावड़ यात्रा पर की पुष्पवर्षा



उज्जैन। भाजपा विधायक गोलू शुक्ला के नेतृत्व में उज्जैन पहुंची बाणेश्वरी कांवड़ यात्रा का चामुंडा माता मंदिर चौराहा पर भाजपा नेता कपिल पांचाल मित्र मंडली द्वारा पुष्प वर्षा के साथ 1 क्विंटल फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया।

कपिल पांचाल ने बताया कि महेश्वर से मां नर्मदा का जल लेकर उज्जैन महाकालेश्वर का जलाभिषेक करने के लिए लगातार 23वें वर्ष उज्जैन पहुंची कावड़ यात्रा का नेतृत्व कर रहे विधायक गोलू शुक्ला सहित समस्त कावड़ यात्रियों का स्वागत क्रेन के माध्यम से अनूठे तरीके से 1 क्विंटल फूलों की माला से स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा पार्षद गब्बर भाटी, भाजपा नगर उपाध्यक्ष धनंजय शर्मा, मंडल अध्यक्ष विजय चौहान, दीपक मालवीय, सुमित सोनी, कुलदीप मालवीय, देवेश्वर शर्मा, बबलू पठान, अभिषेक वर्मा, शाहरुख, कुलदीप वर्मा, संजय गोठवाल, सचिन वर्मा आदि मौजूद रहे।

# सूर्य का सिंदूर एवं ब्रह्मोस मिसाइल का मुकुट धारण किया सीएम मोहन यादव ने



उज्जैन। श्री महाकालेश्वर की द्वितीय सवारी में स्वामी मुस्कुराके मंडली अपनी आकर्षक सांस्कृतिक वेशभूषा में उत्सव धर्मीयों, महाकाल भक्तों के मध्य विगत 38 वर्षों से निरंतर सेवाएं प्रदान कर रही है।

शौर्य का सिंदूर ब्रह्मोस मिसाइल का मुकुट एवं लाडली बहना की तख्ती थामे स्वरूप धारण किये बाल सखा मुस्कुराके मंडली के स्वामी मुस्कुराके शैलेंद्र व्यास को प्रभावी वेशभूषा में देखा तो.. सीएम डॉ. मोहन यादव ने पास में आमंत्रित किया।

# ओम नम : शिवाय जाप के साथ भजनों की संगीतमयी प्रस्तुति से श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध



उज्जैन। श्रावण के द्वितीय सोमवार पर संत सत्कार समिति ने पुष्पांजलि नगर में महेश हिंदल के निवास पर स्वामी परमानंदजी महाराज के पावन सानिध्य में 51 हजार ओम नमः शिवाय मंत्रों का जाप किया।

संस्था संरक्षक प्रकाश चित्तौड़ा एवं अध्यक्ष श्याम माहेश्वरी ने बताया कि उपस्थित भक्तों को संतश्री द्वारा शिवमहापुराण में माता पार्वती और भगवान शिव के संवाद का दृष्टांत देकर श्रावण मास में किए जाने वाले जप और अनुष्ठान की चर्चा करते हुए इससे प्राप्त होने वाले फल पर प्रकाश डाला। आपने बताया कि शिव ही एकमात्र ऐसे भगवान है जो छोटी सी स्तुति से प्रसन्न होकर मनोवांछित फल देते हैं। कार्यक्रम में इंदौर से पधारे बाल भजन-गायक अमित मेहता ने भजनों के साथ ओम नमः शिवाय जाप की संगीतमय सुंदर प्रस्तुति से उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। चंद्रशेखर माहेश्वरी, फूलसिंह जौहरी, प्रकाश काबरा, उमेश गुप्ता, महेश खंडेलवाल, कैलाश जाट, दिनेश महाजन, माया शर्मा, भारती गुप्ता, हीरामणि महाजन सहित क्षेत्रीय श्रद्धालुओं ने इस महायज्ञ में जाप कर धर्मलाभ लिया। कार्यक्रम का संचालन संस्था सचिव भगवान शर्मा ने किया व आभार कार्यक्रम संयोजक महेश गुप्ता ने माना।

## स्थानांतरित अभियोजन अधिकारियों को अभिनंन्दन के साथ बिदाई दी

उज्जैन। में पदस्थ रहे सहायक जिला वियोजन अधिकारी सर्वश्री मुकेश कुन्हारे का बड़वानी,अमित छारी का रतलाम,अजय वर्मा का नीमच,भारतसिंह खरे का मंदसौर, रेवतसिंह ठाकुर का रतलाम तथा सुश्री कमलेश श्रीवास का मंदसौर स्थानांतरण पर प्रशिक्षित मध्यस्थ ठाकुर हरदयालसिंह एडवोकेट, सीनियर एडवोकेट वीरेंन्द्र शर्मा, प्रभारी उपनिदेशक अभियोजन श्री राजेंन्द्र खाण्डेगर तथा अभियोजन के मीडिया प्रभारी कुलदीपसिंह भदौरिया,बार के पूर्व अध्यक्ष पं.दिनेशचंन्द्र पाण्डया,पं.योगेश व्यास एवं कुंवर कर्णसिंह एडवोकेट आदि ने स्थानांतरित अधिकारियों का साफा बांधकर,माला,पुष्पमाला, पुष्पगुच्छ तथा सरोपा से अभिनंदन कर बिदाई दी,इस अवसर पर स्थानांतरित अधिकारियों ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की शिक्षास्थली में आकर हमें बहुत कुछ सीखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com